Victorian Seniors Festival 40 Years 2022



Takin' it Easy



Hindi

# विक्टोरिया का वरिष्ठजन उत्सव

वरिष्ठ विक्टोरियावासियों का वार्षिक उत्सव, विक्टोरिया का वरिष्ठजन उत्सव, हरेक साल अक्टूबर के पूरे महीने चलता है।

विक्टोरिया के वरिष्ठजन उत्सव में पूरे विक्टोरिया-भर में सभी 79 स्थानीय परिषदों और 450 अन्य समूहों द्वारा संचालित किए जाने वाले हजारों नि:शुल्क और कम शुल्क के आयोजन शामिल होते हैं।

## अक्टूबर में मौज-मस्ती में भाग लें

हरेक स्थानीय परिषद वरिष्ठजनों और वयोवृद्धों का उत्सव मनाने के लिए विशेष कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन कर रही है।

आपके आनंद के लिए यहाँ कुछ प्रमुख मजेदार और नि:शुल्क आयोजन दिए गए हैं:

**उत्सव दिवस, रविवार 2 अक्टूबर 2022. फेडरेशन स्क्वैयर, मेलबर्न।**

दोपहर 12बजे – शाम 7.00बजे वरिष्ठजनों और उनके दोस्तों व परिवार के लिए एक नि:शुल्क आयोजन।

बहुत सारा बेहतरीन संगीत, नृत्य और प्रदर्शन। डिस्प्लेज और सूचना स्टैंड्स।

दोपहर 1बजे 2022 उत्सव का आधिकारिक उद्घाटन और आदिवासी भूमि में स्वागत।

**फेस्टिवल हब, सोमवार 3 अक्टूबर से शुक्रवार 7 अक्टूबर 2022। दि एज, फेडरेशन स्क्वैयर, मेलबर्न।**

नर्स नेक्स्ट डोर गृह-देखभाल सेवाओं द्वारा प्रस्तुत

नि:शुल्क दैनिक संगीत कार्यक्रम, प्रस्तुतियाँ और कार्यशाला सत्र। सुबह 10.30बजे से दोपहर 4.30बजे तक

सभी का स्वागत है और हमारे पास पूरे दिन नि:शुल्क चाय और कॉफी उपलब्ध है।

नि:शुल्क संध्या प्रदर्शन कार्यक्रम, शाम 5.30बजे से 7.30बजे तक

## विक्टोरियन सीनियर्स कार्डधारकों के लिए नि:शुल्क जनपरिवहन

रविवार 2 अक्टूबर से रविवार 9 अक्टूबर 2022 तक विक्टोरियन सीनियर्स कार्डधारक आपके साथ इन जनपरिवहन माध्यमों में नि:शुल्क यात्रा कर सकेंगे:

- मेलबर्न में ट्रेनें, ट्रामें और बसें
- ग्रामीण ट्रेनें, कोच और बसें (जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में टाउन बस सेवाएँ शामिल हैं)।

## विक्टोरिया वरिष्ठजन उत्सव नि:शुल्क ऑनलाइन प्रदर्शन

इस वर्ष ऑनलाइन आनंद के लिए हमें विशेष ऑडियो कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर गर्व है, जिसमें नवंबर तक हरेक महीने नए प्रदर्शन जोड़े जाएँगे

प्रदर्शन कार्यक्रम सुनने के लिए वेबसाइट www.seniorsonline.vic.gov.au/festival-performances जाएँ और किसी कार्ड पर क्लिक करें

## और अधिक जानकारी प्राप्त करें

- अक्तूबर में पूरे राज्य-भर में उत्सव से जुड़ी गतिविधियों के कैलेंडर तथा और अधिक जानकारी के लिए सीनियर्स ऑनलाइन वेबसाइट www.seniorsonline.vic.gov.au/festival पर जाएँ
- अपने क्षेत्र में अपनी स्थानीय परिषद से संपर्क करके उनके स्थानीय कार्यक्रमों के बारे में पता लगाएँ।
- सप्ताह के कार्यदिवसों में सुबह 9.00बजे से दोपहर 2.00बजे तक सीनियर्स कार्ड ग्राहक सेवा को 1300 797 210 पर कॉल करें।
- अन्य भाषाओं में सहायता के लिए 131 450 पर कॉल करें और उनसे सप्ताह के कार्यदिवसों में सुबह 9.00बजे से दोपहर 2.00बजे के बीच सीनियर्स कार्ड ग्राहक सेवा को 1300 797 210 पर कॉल करने के लिए कहें।








www.seniorsonline.vic.gov.au/festival

VICTORIA State Government